भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3601

(सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

मथुरापुर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का क्रियान्वयन

3601. श्री बापी हलदरः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल के मथुरापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्राप्त आवेदनों तथा चयनित, नियोजित एवं सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की वर्ष-वार संख्या क्या है;

(ख) मथुरापुर के लाभार्थियों का अनुसूचित जाति (एससी) तथा अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मथुरापुर के तटीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र युवाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उक्त योजना के संबंध में जागरूकता पैदा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार का विचार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, लागू नीति के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के युवाओं को समुचित आरक्षण/अधिमान्य प्रतिनिधित्व प्रदान करने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को राष्ट्रीय स्तर की योजना के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है जिसमें सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के जिलों/शहरों में इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए जाते हैं। इसके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकडे नहीं रखे जाते हैं।

पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के राउंड-I, राउंड II और राउंड III में पश्चिम बंगाल में प्राप्त आवेदनों की संख्या, इंटर्नशिप प्रस्ताव प्राप्त करने, शामिल होने और इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का जिलेवार विवरण क्रमशः अनुलग्नक I, II और III में संलग्न है।

(ख): पश्चिम बंगाल में पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के राउंड I, राउंड II और राउंड III में इंटर्नशिप में शामिल होने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों सहित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण क्रमशः अनुलग्नक IV, V और VI में संलग्न है। जैसा कि उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर में उल्लेख किया गया है, इस योजना के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकडे नहीं रखे जाते हैं।

(ग): कारपोरेट कार्य मंत्रालय इस योजना के संवर्धन और कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों तथा उद्योग संघों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। जागरूकता कार्यकलापों को शुरू करने और पीएमआईएस के बारे में सूचना के प्रसार की सुविधा के लिए पश्चिम बंगाल के 22 से अधिक जिलों में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, राज्य भर के व्यावसायिक स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और सामान्य कॉलेजों में कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रचार अभियानों सहित सूचना, शिक्षा और संचार कार्यकलाप चलाये जा रहे हैं।

(घ): पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, देश के सभी हिस्सों से प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों के एक पूल को पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक इंटर्नशिप अवसर के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है, जिसमें कंपनी द्वारा उस इंटर्नशिप अवसर के लिए मांगी गई योग्यता के साथ आवेदकों की योग्यता का मिलान किया जाता है। चयन प्रक्रिया का उद्देश्य इंटर्नशिप कार्यक्रम में विविधता और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देना है, जिसके तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों के साथ-साथ दिव्यांगजनों को शामिल किया जाता है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची संबंधित कंपनी को उनकी संबंधित प्रक्रियाओं और मानदंडों के अनुसार आगे चयन की प्रक्रिया के लिए भेजी जानी है।

******

अनुलग्नक I

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (क) का अनुलग्नक I

पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में पश्चिम बंगाल में प्राप्त आवेदनों की संख्या, प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, इंटर्नशिप में शामिल होने और इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, का जिलेवार विवरण।

क्र.सं.	जिला	कुल आवेदन	प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	शामिल हुए	पूरा किए
1.	अलीपुरद्वार	374	22	4	2
2.	बांकुरा	824	101	17	9
3.	बीरभूम	792	78	18	12
4.	कूचबिहार	597	47	8	4
5.	दिनाजपुर दक्षिण	244	23	4	1
6.	दार्जिलिंग	255	35	6	3
7.	हुगली	1411	183	26	11
8.	हावड़ा	958	137	24	8
9.	जलपाईगुड़ी	419	44	9	2
10.	झारग्राम	258	33	5	3
11.	कलिम्पोंग	16	2	1	1
12.	कोलकाता	1819	241	35	15
13.	मल्दाह	803	84	6	6
14.	मुर्शिदाबाद	719	88	22	9
15.	नादिया	856	124	23	14
16.	24 परगना उत्तर	2368	329	64	28
17.	पश्चिम बर्धमान	979	146	48	26
18.	मेदिनीपुर पश्चिम	1138	136	25	15
19.	पूर्वी बर्दवान	1116	134	19	10
20.	मेदिनीपुर पूर्व	1285	174	27	11
21.	पुरुलिया	664	67	8	5
22.	24 परगना दक्षिण	1607	207	40	12
23.	दिनाजपुर उत्तर	420	39	6	1
	कुल योग	**19922**	**2474**	**445**	**208**

अनुलग्नक II

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (क) का अनुलग्नक II

पायलट प्रोजेक्ट के राउंड II में पश्चिम बंगाल में प्राप्त आवेदनों की संख्या, प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, शामिल होने और इंटर्नशिप पूरी करने की संख्या, का जिलेवार का विवरण।

क्र.सं.	जिला	कुल आवेदन	प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	शामिल हुए	पूरा किए*
1.	अलीपुरद्वार	90	24	6	2
2.	बांकुरा	307	73	10	4
3.	बीरभूम	235	61	9	2
4.	कूचबिहार	174	44	7	4
5.	दिनाजपुर दक्षिण	108	29	7	1
6.	दार्जिलिंग	166	42	4	0
7.	हुगली	710	153	15	10
8.	हावड़ा	565	128	18	11
9.	जलपाईगुड़ी	166	43	7	2
10.	झारग्राम	84	15	1	0
11.	कलिम्पोंग	10	1	0	0
12.	कोलकाता	1032	189	30	16
13.	मालदा	267	74	14	8
14.	मुर्शिदाबाद	276	64	13	6
15.	नादिया	414	75	11	4
16.	24 परगना उत्तर	1295	256	31	8
17.	पश्चिम बर्धमान	509	132	29	7
18.	मेदिनीपुर पश्चिम	462	95	10	4
19.	पूर्वी बर्धमान	412	94	15	6
20.	मेदिनीपुर पूर्व	557	136	27	9
21.	पुरुलिया	265	81	5	0
22.	24 परगना दक्षिण	649	130	17	5
23.	दिनाजपुर उत्तर	200	49	5	0
	कुल योग	8953	1988	291	109

*राउंड II में इंटर्नशिप अभी भी जारी है

अनुलग्नक III

दिनांक 10.08.2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (क) का अनुलग्नक III

पायलट प्रोजेक्ट के राउंड III में पश्चिम बंगाल में प्राप्त आवेदनों की संख्या, प्रस्ताव प्राप्त करने इंटर्नशिप में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, का जिलेवार विवरण।

क्र.सं.	जिला	कुल आवेदन	प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	शामिल हुए
1.	अलीपुरद्वार	164	13	5
2.	बांकुरा	420	35	18
3.	बीरभूम	273	31	18
4.	कूचबिहार	295	15	6
5.	दिनाजपुर दक्षिण	151	18	10
6.	दार्जिलिंग	265	17	6
7.	हुगली	865	75	42
8.	हावड़ा	779	31	11
9.	जलपाईगुड़ी	333	28	13
10.	झारग्राम	94	4	1
11.	कलिम्पोंग	7	2	2
12.	कोलकाता	1536	101	50
13.	मालदा	292	53	34
14.	मुर्शिदाबाद	396	54	38
15.	नादिया	475	22	14
16.	24 परगना उत्तर	1964	101	53
17.	पश्चिम बर्धमान	1223	130	67
18.	मेदिनीपुर पश्चिम	532	33	11
19.	पूर्वी वर्धमान	518	46	23
20.	मेदिनीपुर पूर्व	663	49	21
21.	पुरुलिया	276	17	7
22.	24 परगना दक्षिण	951	65	24
23.	दिनाजपुर उत्तर	205	29	10
	कुल योग	12677	969	484

* राउंड III में इंटर्नशिप अभी भी चल रही है। कोई इंटर्नशिप पूरी नहीं की गई है।

अनुलग्नक IV

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (ख) का अनुलग्नक IV

पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में पश्चिम बंगाल में इंटर्नशिप में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का श्रेणीवार एवं जिलावार विवरण।

क्र.सं.	जिला	सामान्य	ओबीसी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल योग
1.	अलीपुरद्वार	1	2	1	-	4
2.	बांकुरा	10	5	1	1	17
3.	बीरभूम	12	4	2	-	18
4.	कूचबिहार	1	2	5	-	8
5.	दार्जिलिंग	5	-	1	-	6
6.	दिनाजपुर दक्षिण	1	1	2	-	4
7.	हुगली	19	6	1	-	26
8.	हावड़ा	19	3	2	-	24
9.	जलपाईगुड़ी	4	2	2	1	9
10.	झारग्राम	2	1	-	2	5
11.	कलिम्पोंग	1	-	-	-	1
12.	कोलकाता	28	2	5	-	35
13.	मालदा	3	2	1	-	6
14.	24 परगना उत्तर	42	8	12	2	64
15.	मेदिनीपुर पूर्व	17	5	5	-	27
16.	मेदिनीपुर पश्चिम	15	6	3	1	25
17.	मुर्शिदाबाद	7	10	5	-	22
18.	नादिया	14	4	5	-	23
19.	पश्चिम बर्धमान	30	5	10	3	48
20.	पूर्वी बर्धमान	13	3	2	1	19
21.	पुरुलिया	3	4	1	-	8
22.	24 परगना दक्षिण	17	12	11	-	40
23.	दिनाजपुर उत्तर	3	-	3	-	6
	कुल योग	267	87	80	11	445

अनुलग्नक V

10.08.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (ख) का अनुलग्नक V

पश्चिम बंगाल में पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में इंटर्नशिप में शामिल हुए अभ्यर्थियों का श्रेणीवार एवं जिलावार विवरण।

क्र.सं.	जिला	सामान्य	ओबीसी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल योग
1.	अलीपुरद्वार	1	4	1	-	6
2.	बांकुरा	5	3	2	-	10
3.	बीरभूम	6	2	1	-	9
4.	कूचबिहार	1	4	2	-	7
5.	दार्जिलिंग	1	-	1	2	4
6.	दिनाजपुर दक्षिण	3	2	1	1	7
7.	हुगली	9	2	3	1	15
8.	हावड़ा	15	1	2	-	18
9.	जलपाईगुड़ी	3	2	2	-	7
10.	झारग्राम	-	1	-	-	1
11.	कोलकाता	27	2	1	-	30
12.	मालदा	3	6	5	-	14
13.	24 परगना उत्तर	17	4	9	1	31
14.	मेदिनीपुर पूर्व	20	3	4	-	27
15.	मेदिनीपुर पश्चिम	7	1	1	1	10
16.	मुर्शिदाबाद	6	2	5	-	13
17.	नादिया	8	-	2	1	11
18.	पश्चिम बर्धमान	19	5	3	2	29
19.	पूर्वी बर्धमान	9	3	2	1	15
20.	पुरुलिया	2	2	1	-	5
21.	24 परगना दक्षिण	11	1	5	-	17
22.	दिनाजपुर उत्तर	1	3	1	-	5
	कुल योग	174	53	54	10	291

अनुलग्नक VI

10.08.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3601 भाग (ख) का अनुलग्नक V

पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के राउंड III में पश्चिम बंगाल में इंटर्नशिप में शामिल हुए अभ्यर्थियों का श्रेणीवार एवं जिलेवार विवरण (06.08.2026 तक)

क्र.सं.	जिला	सामान्य	ओबीसी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल योग
1.	अलीपुरद्वार	2	1	1	1	5
2.	बांकुरा	8	6	2	2	18
3.	बीरभूम	10	3	5	-	18
4.	कूचबिहार	-	3	3	-	6
5.	दार्जिलिंग	3	2	1	-	6
6.	दिनाजपुर दक्षिण	2	-	2	6	10
7.	हुगली	32	6	3	1	42
8.	हावड़ा	8	1	2		11
9.	जलपाईगुड़ी	7	1	2	3	13
10.	झारग्राम	-	1	-	-	1
11.	कलिम्पोंग	1	-	-	1	2
12.	कोलकाता	38	3	9	-	50
13.	मालदा	11	9	10	4	34
14.	24 परगना उत्तर	34	8	10	1	53
15.	मेदिनीपुर पूर्व	19	2	-	-	21
16.	मेदिनीपुर पश्चिम	9	2	-	-	11
17.	मुर्शिदाबाद	16	11	10	1	38
18.	नादिया	11	2	1	-	14
19.	पश्चिम बर्धमान	47	7	10	3	67
20.	पूर्वी बर्धमान	15	4	4	-	23
21.	पुरुलिया	5	2	-	-	7
22.	24 परगना दक्षिण	14	2	8	-	24
23.	दिनाजपुर उत्तर	5	2	2	1	10
	कुल योग	297	78	85	24	484

*तीसरे दौर में चयन और शामिल होने की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है